Email-bcebakhtiyarpur@gmail.com

# बख्तियारपुर अभियंत्रण महाविद्यालय,

चम्पापुर, देदौर, बख्तियारपुर–803212

पत्रांकः–बी०सी०ई०/2025/...........                                        पटना / दिनांकः–.......................

# सूचना

दैनिक जागरण के प्रकाशन के 25 वर्ष पूरे होने पर **"25 वर्ष की सीख और 2050 का बिहार विषय पर रजत जयन्ती भाषण प्रतियोगिता"** का आयोजन दिनांक–30.05.2025 को कमरा सं०–108 में पूर्वाहण् 11:00 बजे से संस्थान में किया जाना है।

दैनिक जागरण की रजत जयंती भाषण प्रतियोगिता में भागीदारी से संबंधित पत्र संलग्न है।

अतः सभी इच्छुक छात्र/छात्राओं को सूचित किया जाता है कि उक्त पत्र में उल्लेखित दिशा–निदेश के अनुसार इस प्रतियोगिता में भाग लेना सुनिश्चित करेगे।

अनु०–ययोक्त।

ह०/–
प्राचार्य
बख्तियारपुर अभियंत्रण महाविद्यालय,
बख्तियारपुर

ज्ञापांकः–BCE/25/Acad/478                                        पटना/दिनांक–27/05/2025

प्रतिलिपिः– निबंधन शाखा/स्थापना शाखा/महाविद्यालय/छात्रावास सूचनापट्ट एवं वेबसाईट।

प्राचार्य,
बख्तियारपुर अभियंत्रण महाविद्यालय,
बख्तियारपुर

दैनिक जागरण
THE WORLD'S LARGEST READ DAILY

Jagran

सेवा में

**डा. कुमार सुरेंद्र**
**प्राचार्य**
**बख्तियारपुर कालेज आफ इंजीनियरिंग, बख्तियारपुर**

**विषय दैनिक जागरण रजत जयंती भाषण प्रतियोगिता के संबंध में :**

महाशय,

बिहार में दैनिक जागरण के प्रकाशन के 25 वर्ष पूरे होने पर राज्य के विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों सहित उच्च शिक्षण संस्थानों में 25 वर्ष की सीख और 2050 का बिहार विषय पर रजत जयंती भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसका आयोजन राज्य के 200 से अधिक उच्च शिक्षण संस्थानों में किया जाएगा। तीन चरणों में आयोजित प्रतियोगिता में प्रथम स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को एक लाख रुपये नकद पुरस्कार दिया जाएगा। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को करियर की बेहतरी के लिए काउंसिलिंग सत्र का आयोजन सहयोगी संस्थान बिहार सरकार की स्वशासित इकाई डीएमआइ की ओर से किया जाएगा। इसमें आपके संस्थान की भागीदारी (डेवलपमेंट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट) सफल आयोजन में महती भूमिका निभाएगी। आयोजन की विस्तृत जानकारी पत्र के साथ संलग्न है।

**सादर**

(अश्विनी कुमार सिंह)

डिप्टी एडिटर

दैनिक जागरण (बिहार)

Jagran Prakashan Ltd.
C-5, C-6 & 15, Industrial Area, Patliputra, Patna - 800013
T +91 0612 2277071 F +91 0612 3918919
www.jagran.com www.jplcorp.in

CIN : L22219UP1975PLC004147
E-mail : jpl@jagran.com
Registered Office
2, Sarvodaya Nagar, Kanpur 208 005, Utter Pradesh, India

PRINT
OUT OF HOME
ACTIVATION
MOBILE
ONLINE

# बिहार का भविष्य
# युवाओं का अभिमत !

दैनिक जागरण
25
वर्ष बिहार में

# रजत जयंती
# भाषण प्रतियोगिता

## बिहार @ 2050: सपनों का बिहार

**भाग लें और जीतें पांच लाख तक के पुरस्कार ***

रजिस्ट्रेशन के लिए
स्कैन करें
https://dmi.ac.in/cc

हेल्पलाइन नंबर :
8409949195
7091496214

## बिहार में दैनिक जागरण के
## गौरवशाली 25 वर्ष पूरे होने पर आयोजित

- प्रतियोगिता में राज्य के 25 से अधिक विश्वविद्यालयों के 200 से अधिक महाविद्यालयों के विद्यार्थी भाग लेंगे और अपने विचारों से बिहार के उज्ज्वल भविष्य की तस्वीर पेश करेंगे।
- यह मंच न सिर्फ युवाओं को जागरूक और प्रेरित करेगा, बल्कि उनके दृष्टिकोण को पहचानने और सम्मानित करने का भी अवसर देगा।

**प्रतियोगिता में शामिल होने के लिए अपने कालेज के प्राचार्य कार्यालय से करें संपर्क।**

आइए, बनिए इस बदलाव के सहभागी।

*नियम व शर्तें लागू

DMI
विकास प्रबंधन संस्थान
Development Management Institute

पढ़ते रहिए
दैनिक जागरण

# रजत जयंती भाषण प्रतियोगिता

## बिहार @ 2050: सपनों का बिहार

रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
https://dmi.ac.in/cc

बिहार में दैनिक जागरण के प्रकाशन के 25 वर्ष पूरे होने पर राज्य के सभी विश्वविद्यालयों, महाविद्यालयों सहित उच्च शिक्षण संस्थानों में 25 वर्ष की सीख और 2050 का बिहार विषय पर रजत जयंती भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जा रहा है। इसमें राज्य के 200 से अधिक उच्च शिक्षण संस्थानों में पढ़ाई कर रहे 20 लाख से अधिक विद्यार्थी प्रत्यक्ष एवं अप्रत्यक्ष रूप से जुड़ेंगे। प्रतियोगिता के दौरान विद्यार्थियों को करियर की बेहतरी के लिए काउंसिलिंग सत्र का आयोजन सहयोगी संस्थान बिहार सरकार की स्वशासित ईकाई डीएमआइ (डेवलपमेंट मैनेजमेंट इंस्टीट्यूट) की ओर से किया जाएगा। इसमें पहला स्थान प्राप्त करने वाले प्रतिभागी को एक लाख रुपये का नकद पुरस्कार दिया जाएगा।

**प्रतियोगिता में शामिल होने की प्रक्रिया :**

प्रतियोगिता के पहले चरण में शामिल होने वाले प्रतिभागी ही दूसरे व तीसरे चरण (ग्रैंड फिनाले) में शामिल होंगे। पहले चरण में शामिल होने के लिए आनलाइन और आफलाइन दोनों माध्यम से निशुल्क रजिस्ट्रेशन करना होगा। स्नातकोत्तर व पीएचडी कोर्स में नामांकित विद्यार्थी अपने कालेज व संकाय प्रमुख से संपर्क कर आफलाइन रजिस्ट्रेशन भी कर सकते हैं। वहीं, डीएमआइ की वेबसाइट (https://dmi.ac.in/cc) पर भी आनलाइन रजिस्ट्रेशन के लिए लिंक व क्यूआर कोड उपलब्ध है। प्रतिभागी, शिक्षक व अभिभावक कार्यालय अवधि में दैनिक जागरण (8409949195) और डीएमआइ (7091496214) के हेल्पलाइन नंबर पर संपर्क कर समाधान प्राप्त कर सकते हैं।

**तीन चरणों में होगी प्रतियोगिता:**

प्रतियोगिता तीन चरणों में संपन्न कराई जाएगी। पहले चरण में संबंधित उच्च शिक्षण संस्थान की विभिन्न ईकाई (कालेज, संकाय, ब्रांच आदि) से प्रतिभागी का चयन किया जाएगा। दूसरा चरण विश्वविद्यालय या संस्थान स्तर पर और तीसरा राज्य स्तर पर पटना में ग्रैंड फिनाले का आयोजन किया जाएगा। इसे कुछ इस तरह से समझा जा सकता है। जैसे पटना विश्वविद्यालय के अंतर्गत 10 कालेज हैं। पहले चरण में सभी कालेजों और स्नातकोत्तर संकायों में भाषण प्रतियोगिता का आयोजन किया जाएगा। कालेज व संकाय स्तर के विजेताओं की प्रतियोगिता विश्वविद्यालय स्तर पर होगी। विश्वविद्यालय स्तर पर प्रथम आने वाले प्रतिभागी राज्यस्तरीय प्रतियोगिता के लिए क्वालीफाई करेंगे। वहीं, आइआइटी, एनआइटी, आइआइएम जैसे संस्थानों में पहले ब्रांच और संस्थान स्तर पर दूसरे चरण की प्रतियोगिता होगी। राज्यस्तरीय प्रतियोगिता पटना में आयोजित की जायेगी। ग्रैंड फिनाले में शामिल होने वाले सभी प्रतिभागियों को नकद पुरस्कार भी दिया जाएगा।

**विजेताओं के चयन की प्रक्रिया:**

पहले चरण का आयोजन संबंधित कालेज व ब्रांच में होना है। इसमें निर्णायक के तौर पर संबंधित कालेज के प्राचार्य, नोडल पदाधिकारी तथा विश्वविद्यालय व कालेज से चिह्नित विशेषज्ञ होंगे। वहीं, विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता के निर्णायक मंडल में पद्म पुरस्कार से अलंकृत, अंतरराष्ट्रीय, राष्ट्रीय या राज्यस्तर पर सम्मानित बुद्धिजीवी, सीनियर फैकल्टी, निदेशक, प्राचार्य, स्थानीय प्रशासनिक पदाधिकारी, सेवानिवृत्त प्रशासनिक अधिकारी, प्रख्यात शिक्षक, डीएमआइ और दैनिक जागरण के विशेषज्ञ शामिल होंगे। कालेज, ब्रांच व विश्वविद्यालय स्तर संबंधित विषय पर प्रतियोगिताओं को पक्ष रखने के लिए पांच मिनट दिया जाएगा। चयन में प्रतिभागियों के आवंटित विषय में समझ, बाडी लैंग्वेज, भाषा की शुद्धता, प्रस्तुतीकरण, शैली आदि का विशेष ध्यान रखा जाएगा।

**भाषण प्रतियोगिता के विषय :**

बिहार के चातुर्दिक विकास से जुड़े विभिन्न विषयों को इसमें शामिल किया जाएगा। बिहार के विकास के विभिन्न आयामों में 2000 से 2025 तक मिली सीख और उसके आधार पर 2050 के विकसित बिहार के लिए संबंधित क्षेत्रों में उठाए जाने वाले कदमों पर केंद्रीत होगा। विषयों में 2050 के बिहार में महिला सशक्तीकरण, स्वास्थ्य, ढांचागत सुविधा, तकनीक, पेजयल, बाढ, सुखाड़, खेल और खिलाड़ी, परिवहन, उद्योग, खेती-किसानी, उच्च शिक्षण संस्थान, प्राथमिक शिक्षा, प्रतियोगी परीक्षा, पर्यटन, धार्मिक स्थल, भाषा, संस्कृति आदि में से किसी एक पर सभी प्रतिभागियों को अपना पक्ष रखना है। अलग-अलग महाविद्यालयों के लिए विषय पूर्व में ही निर्धारित कर दिए जाएंगे। प्रत्येक महाविद्यालय से चयनित प्रथम विजेता विश्वविद्यालय स्तर पर आयोजित प्रतियोगिता में भाग लेंगे, जिसके लिए अलग विषय होगा। इसके बाद राज्य स्तर पर अंतर विश्वविद्यालय स्तरीय भाषण प्रतियोगिता होगी।

# रजत जयंती भाषण प्रतियोगिता

**बिहार @ 2050: सपनों का बिहार**

रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
https://dmi.ac.in/cc

हेल्पलाइन नंबर :
8409949195
7091496214

## 20 लाख से ज्यादा
विद्यार्थियों की प्रत्यक्ष व परोक्ष भागीदारी

## 200 से ज्यादा
कालेज व उच्च शिक्षण संस्थानों में होगा आयोजन

## 10 हजार से ज्यादा
प्रतिभागी विद्यार्थियों को मिलेगा सर्टिफिकेट

## 600 से ज्यादा
मेडल और 100 से अधिक शील्ड मिलेंगे

## 25 से ज्यादा
विश्वविद्यालयों के विद्यार्थी दिखाएंगे दमखम

## 05 लाख रुपये तक
दिया जाएगा नकद पुरस्कार

## 01 लाख रुपये
प्रथम स्थान प्राप्त विजेता को

## 2050 तक
बिहार कैसा होगा, बताएगी नई पीढ़ी

DMI
विकास प्रबंधन संस्थान
Development Management Institute

पढ़ते रहिए
दैनिक जागरण

# रजत जयंती भाषण प्रतियोगिता

## बिहार @ 2050: सपनों का बिहार

दैनिक जागरण
25
वर्ष बिहार में

## विभिन्न स्तर पर विजेता प्रतिभागियों के लिए

### प्रथम पुरस्कार :

1,00,000 रुपये (एक लाख), स्मृति चिह्न व सर्टिफिकेट

### द्वितीय पुरस्कार :

50,000 रुपये (50 हजार), स्मृति चिह्न व सर्टिफिकेट

### तृतीय पुरस्कार :

30,000 रुपये (30 हजार), स्मृति चिह्न व सर्टिफिकेट

### चतुर्थ पुरस्कार :

20,000 रुपये (20 हजार), स्मृति चिह्न व सर्टिफिकेट

### ग्रैंड फिनाले के सभी प्रतिभागियों को

5000 रुपये (पांच हजार), स्मृति चिह्न व सर्टिफिकेट

### विश्वविद्यालय या संस्थान स्तर के विजेता :

स्मृति चिह्न, मेडल व सर्टिफिकेट

### महाविद्यालय व ब्रांच स्तर के विजेता :

मेडल व सर्टिफिकेट

रजिस्ट्रेशन के लिए स्कैन करें
https://dmi.ac.in/cc

हेल्पलाइन नंबर :
8409949195
7091496214

DMI
विकास प्रबंधन संस्थान
Development Management Institute

पढ़ते रहिए
दैनिक जागरण